YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली/ लखनऊ > बुधवार, 8 नवंबर 2017 > कार्तिक 17 शक 1939 मार्गशीर्ष कृष्णा 5 विक्रम 2074 | www.nbt.in | पेज 22*> | मूल्य सिर्फ 3.00 रु. | facebook.com/nbtlucknow>twitter.com/nbtlucknow

ऑस्ट्रेलिया में पीएम साबित करेंगे नागरिकता

देखें Front Page 2 जाएं पेज 16

रोमांचक मैच में 6 रन से मिली जीत

p15

फास्ट न्यूज

पोस्टर प्रतियोगिता में अपर्णा अव्वल

■ **एनबीटी लखनऊ** : नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. सीवी रमन की जयंती पर जिला विज्ञान क्लब ने मंगलवार को गोमतीनगर स्थित टीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में टीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज और अवध स्कूल की छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर आईएएस प्रशांत शर्मा मुख्य अतिथि रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. वीआर सिंह ने की और डॉ. सीएम नौटियाल बतौर मुख्य वक्ता मौजूद थे। इस दौरान हुई पोस्टर प्रातियोगिता में पहला पुरस्कार अपर्णा सिंह, दूसरा पुरस्कार रोली चौधरी और तीसरा पुरस्कार आकांक्षा को मिला। वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार अंशिका चतुर्वेदी, दूसरा पुरस्कार आकांक्षा शर्मा, आराध्या सिंह व गौरी प्रजापति और तीसरा पुरस्कार सीमा यादव ने जीता। इसके अलावा निबंध प्रतियोगिता पल्लवी रावत पहले, अभिषेक यादव दूसरे, नेहा कुशवाहा तीसरे स्थान पर रहीं। इस अवसर पर विज्ञान क्लब के समन्वयक प्रफेसर डॉ. डीवी सिंह, डॉ. एसएम प्रसाद, प्रदीप सरन, लक्ष्मी सिंह, महादेव यादव, आरके जौहरी, लक्ष्मी नारायण यादव, सुभाष बाजपेयी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।